में राज्य मंत्रीः (श्री ब० सू० मूर्ति) : (क) रामकृष्णपुरम, सैक्टर II के केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के पूछ-ताछ कार्यालय के बेलदार और रामकृष्णपुरम क्लास IV रैज़ीडैन्टस ऐसोसियेशन के उप-प्रधान की बीच झगड़ा हुआ जिसमें हाथापाई हुई ।

(ख) क्योंकि क्षेत्र के व्योवृद्ध लोगों के हस्तक्षेप से मामला शान्ति पूर्वक ढंग से तय हो गया, अतएव कोई कार्यवाही आवश्यक नहीं समझी गई ।

(ग) रामकृष्णपुरम सैक्टर II, क्लास IV रैजीडैन्ट्स वैलफेयर ऐसोसियेशन के प्रधान की ओर से गृह मंत्रालय के द्वारा प्राप्त हुए अभ्यावेदन, जिसमें केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों के विरुद्ध एकतरफा अभियोग थे, के प्रत्युतर में मुख्य इंजीनियर (नई दिल्ली जोन) ने, उस मंत्रालय को एक रिपोर्ट भेजी ।

(घ) क्योंकि मुख्य इन्जीनियर की रिपोर्ट में यह कहा गया कि मामला शान्ति पूर्वक सुलझ गया है, ऐसा लगता है कि गृह-मंत्रालय ने इस पर और आगे कार्यवाही करना उचित नहीं समझा । उन्होंने मुख्य इन्जीनियर के रिपोर्ट को एक प्रति रामाकृष्णपुरम सैक्टर II, क्लास IV रैजीडेन्ट्स वैलफेयर एसोसियेशन के प्रधान को सूचना के लिये भेज दी थी ।

मानव स्वास्थ्य पर धूम्रपान के कुप्रभाव

65. **श्री रामावतार शर्मा :**
श्री प्रकाशवीर शास्त्री :
श्री शिव कुमार शास्त्री :
श्री सभियान :
श्री यज्ञदत्त शर्मा :
श्री जय सिंह :
श्री हरदयाल देवगुण :
श्री शिवचरन लाल :
श्री जार्ज फरनेन्डीज :

क्या **स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का ध्यान २३ मई, १९६९ के दैनिक "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि अमरीका में टेलीविजन पर सिगरेटों के सभी विज्ञापनों के साथ यह चेतावनी देना अनिवार्य है कि धूम्रपान स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और इससे कैंसर, हृदयरोग, काली खांसी तथा अन्य ऐसे रोग लग सकते हैं जिनसे मृत्यु हो सकती हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या जनता के स्वास्थ्य के हित में धूम्रपान घटाने के लिए इसी प्रकार के उपाय करने का सरकार का विचार है और क्या सरकार सिगरेट के पेकेटों पर इस प्रकार की चेतावनी अनिवार्य करेगी ?

स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन और निर्माण, आवास तथा नगरीय विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री श्री ब० सू० मूर्ति : (क) जी हां ।

(ख) श्री जार्ज फरनेन्डीज ने सिगरेट विज्ञापनों के बारे में एक विधेयक प्रस्तुत करने की सूचना दी है और उसी सन्दर्भ में इस मामले पर विचार किया जा रहा है ।

भूटान में जिप्सम के निक्षेपों का सर्वेक्षण

66. **श्री महाराज सिंह भारती** : क्या **पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भूटान में जिप्सम निक्षेपों के सर्वेक्षण के क्या परिणाम निकले हैं ; और

(ख) भूटान के जिप्सम को निकालने तथा उसके उपयोग सम्बन्धी परियोजना का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम तथा रसायन और खान तथा धातु मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री जगन्नाथ राव): (क) व्यघन के द्वारा विस्तृत अधः स्तल समन्वेषण प्रगति पर है ।